प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

2 अप्रैल 2024

# गैर-सरकारी गैर-वित्तीय निजी लिमिटेड कंपनियों का वित्त, 2022-23

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2022-23 के दौरान गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ) निजी लिमिटेड कंपनियों के वित्तीय कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े (https://cimsdbie.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Non-Government%20Non-Financial%20Private%20Limited%20Companies) जारी किए जो भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, जो इन आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है, से प्राप्त 10,639 कंपनियों, जिनके द्वारा 2020-21 से 2022-23 तक तीन लेखांकन वर्षों के लिए भारतीय लेखा मानक (इंड-एएस) प्रारूप में रिपोर्ट किया गया, के लेखापरीक्षित वार्षिक खातों पर आधारित हैं।

मार्च 2023[1] में इन कंपनियों की कुल चुकता पूंजी (पीयूसी) 6,61,236 करोड़ रुपये थी, जो एनजीएनएफ प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की कुल पीयूसी का 34.2 प्रतिशत थी।

## मुख्य बातें

### बिक्री

- एनजीएनएफ प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की निवल बिक्री, 2020-21 के कोविड-19 महामारी के चरम वर्ष, जब प्रतिबंध के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ था, के बाद हुई पिछले वर्ष की 30.5 प्रतिशत की उच्च संवृद्धि के अलावा 2022-23 के दौरान 20.3 प्रतिशत बढ़ी (विवरण 1)।
- जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था में महामारी के प्रभाव से बहाली आई, अधिकांश क्षेत्रों ने 2021-22 के साथ-साथ 2022-23 के दौरान दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की (विवरण 6)।
- गतिविधियों में वृद्धि के साथ, कंपनियों ने आस्ति उपयोग में सुधार किया; वर्ष के दौरान सकल अचल आस्तियों और कुल निवल आस्तियों दोनों की बिक्री का अनुपात बढ़ा (विवरण 2)।

### व्यय

- समग्र स्तर पर, विनिर्माण व्यय और कर्मचारियों का पारिश्रमिक काफी हद तक बिक्री संवृद्धि के साथ संरेखित हो गया; विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में सेवा क्षेत्र में कर्मचारियों के पारिश्रमिक में उच्च वृद्धि दर्ज की गई (विवरण 1 और 6)।
- परिचालन व्यय में पिछले वर्ष की 33.4 प्रतिशत की वृद्धि के अलावा 2022-23 में 20.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई (विवरण 1)।

### लाभ

- 2022-23 के दौरान, परिचालन लाभ, कर पूर्व लाभ और कर पश्चात लाभ में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में कम हुई लेकिन यह दोहरे अंक में रही (विवरण 1)।
- बिक्री के अनुपात के रूप में, परिचालन लाभ और सकल लाभ दोनों लगातार दूसरे वर्ष के लिए कम हुए (विवरण 2)।

[1] शृंखला में जारी पिछले आंकड़े 31 मार्च 2023 को प्रकाशित किए गए थे। इसमें वर्ष 2019-20 से 2021-22 के लिए 9,659 कंपनियों को शामिल किया गया था, जिनकी मार्च 2022 के अंत में कुल पीयूसी ₹5,59,510 करोड़ (एनजीएनएफ प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के कुल पीयूसी का 30.1 प्रतिशत) थी।

**लीवरेज**

- समग्र स्तर पर, नमूना कंपनियों का लीवरेज (कर्ज़ -से-इक्विटी अनुपात के संदर्भ में मापा गया) में गिरावट जारी रही और 2022-23 के दौरान 42.1 प्रतिशत रहा (विवरण 2)।
- ब्याज कवरेज अनुपात [आईसीआर, जो ब्याज व्यय की तुलना में ब्याज और करों से पहले की आय (ईबीआईटी) का अनुपात है, और एक कंपनी की ऋण चुकौती क्षमता का माप है] पिछले वर्ष से 2.9 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा; तथापि, लाभ में वृद्धि के कारण सेवा और निर्माण क्षेत्रों के लिए इसमें सुधार हुआ (विवरण 2 और 7)।

**निधि के स्रोत एवं उपयोग**

- 2022-23 के दौरान, पिछले वर्ष की तुलना में नमूना कंपनियों के पास निधि के बाहरी स्रोत कम थे, विशेष रूप से शेयर पूंजी प्रीमियम और बॉण्ड/ डिबेंचर के साथ-साथ संबंधित पक्षों से उधार; तथापि, उनके निधि के आंतरिक स्रोतों में मामूली वृद्धि हुई (विवरण 5ए)।
- प्राइवेट लिमिटेड एनजीएनएफ कंपनियों ने पिछले वर्ष की तुलना में 2022-23 के दौरान अचल आस्तियों में अधिक निवेश किया (विवरण 5बी)।

विवरणों के व्याख्यात्मक नोट अनुबंध में दिए गए हैं।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/18**